





## 31 दिसंबर को मोरहाबादी में होगा झारखंडी जतरा महाजुटान

# केंद्रीय समिति का गठन अंतु तिर्की चुने गये अध्यक्ष

**महिला विंग का भी गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनीं राधा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंडी जतरा महाजुटान की एक आवश्यक बैठक अंतु तिर्की की अध्यक्षता में शनिवार को मोरहाबादी स्थित नीलांबर पितांबर पार्क में हुई। बैठक में झारखंडी जतरा महाजुटान का आयोजन आगामी 31 दिसंबर को सर्वसम्मति से करने का प्रस्ताव आया। इस बावत झारखंडी जतरा महाजुटान की केंद्रीय समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अंतु तिर्की को चुना गया। वहीं केंद्रीय समिति में संरक्षक कुंवर सिंह पाहन, महेश महतो, रंजीत टोप्पो, हेमंत बारला, रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बलकु उरांव, अर्जन मुंडा, रवि मुंडा, उपाध्यक्ष अमित मुंडा, राकेश मुंडा, मिथिलेश कुमार, महासचिव पंचम मुंडा, सचिव निर्मल पाहन, सिकंदर मुंडा, विजय मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो, अनिल कच्छप, राहुल, सह सचिव कैलाश हेमरोम एवं मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहू चुने गये। साथ ही महिला विंग का गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राधा हेमरोम बनीं। झारखंडी जतरा महाजुटान का मुख्य उद्देश्य झारखंडी भाषा, संस्कृति, रीति रिवाज को बचाना। इस अवसर पर सभी पर्व और त्योहारों के अवसर पर जतरा का आयोजन सभी गांव-गांव में किया जाता है। साल के अंत में एक जगह सभी भाषा भाषियों की गीत-संगीत की प्रस्तुति की जाती है। समिति की अगली बैठक 29 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में की जायेगी, जहां विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद समिति का विस्तार भी किया जायेगा।

# सृजनात्मकता विकास के लिए साहित्य जरूरी : मेरी ग्रेस

**डॉ मयंक मुरारी को मिला सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान**

**नंदा पांडेय, अंकिता सिन्हा और मनोज कपरदार को स्पेनिन सम्मान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सृजनात्मकता के लिए साहित्य जरूरी है। साहित्य से बच्चों के ज्ञान में विविधता आती है। ज्ञान के साथ विकास के लिए जीवन में साहित्य का संबंध जरूरी है। उक्त बातें उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहीं। वह शनिवार को कॉलेज के सभागार में आयोजित सिद्धानाथ कुमार स्मृति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रही थीं। इस अवसर पर झारखंड के चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी को सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा नंदा पांडेय, अंकिता सिन्हा और मनोज कपरदार को स्पेनिन गौरव सम्मान दिया गया।

साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि साहित्य सम्मान से युवाओं में रचनात्मक लेखन का विकास होता है। युवा इससे प्रेरित होते हैं और उनमें कुछ बेहतर करने का विश्वास आता है। झारखंड में सिद्धनाथ कुमार का योगदान अविस्मरणीय है, जिसे बेहतर साहित्य समाज के निर्माण में सहयोग मिलता है। मुख्य वक्ता डॉ कमल कुमार बोस ने कहा कि सिद्धनाथ कुमार देश के विशिष्ट साहित्यकार थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन नाटक के विविध शिल्प और उसके पहलुओं के अध्ययन पर व्यतीत किया। साहित्य के किसी एक विधा में जितना उन्होंने काम किया, वह अनुकरणीय है। डॉ माया प्रसाद ने कहा कि साहित्य के विकास में स्पेनिन का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इससे युवा साहित्यकारों को प्रेरणा मिलती है।

स्पेनिन के डायरेक्टर डॉ कुमार संजय ने कहा कि इस सम्मान के माध्यम से झारखंड के उत्कृष्ट साहित्यकार एवं सृजनधर्मी व्यक्तित्व को समाज के समक्ष लाया जाता है। पिछले 18 साल से यह प्रयास चल रहा है और यह आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर मंच संचालन निर्मला मुंडा, संजना भट्टाचार्या ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ शेफालिका सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में प्रमिला, सरोज, कुलदीप और मनीष आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर पीके झा, राकेश रमण, मुक्ति शाहदेव, वीणा श्रीवास्तव, पंकज पुष्कर के अलावा में कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थीं। कॉलेज की छात्राओं ने मंगलाचरण, मराठी और राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और मनमोहक बना दिया।

**हाइकोर्ट के अधिवक्ता को जान से मारने की मिली धमकी :** रांची। हाइकोर्ट के अधिवक्ता और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। इसे लेकर अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने पंडरा ओपी में शनिवार को मामला दर्ज करवाया है। मोटरसाइकिल पर सवार 2 अज्ञात अपराधियों ने अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव की जीप रोककर उन्हें रिवाल्वर दिखाते हुए हाइकोर्ट से केस हटा लेने की धमकी दी, ऐसा नहीं करने पर उन्हें और उनके परिवार वालों को जान से माने की धमकी दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### छोटानागपुर विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को छोटानागपुर विवि महाविद्यालय, रांची में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस बार 26 नवंबर 2023 को रविवार एवं अवकाश होने के कारण यह आयोजन 25 नवंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रिम्स के उपस्थित डॉक्टर, टेक्निशियन एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की उत्साहवर्धक गतिविधियों के साथ प्रारंभ किया गया। पहला रक्तदान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें एक यूनिट एबी नेगेटिव एवं एक यूनिट बी नेगेटिव दुर्लभ समूह का रक्तदान किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक और छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रिम्स के डॉ प्रभात मल्लिक, डॉ कविता देवगरिया, लैब टेक्निशियन मुकेश हरिजन, विषणु कुमार, शैलेंद्र एवं गोप जी के द्वारा संपादित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से आइक्यूएसी के कोआर्डिनेटर डॉ साक्षी पाठक, डॉ गांधी आनंद बिलुंग एवं डॉ अरविंद कुमार झा के द्वारा सक्रिय भूमिका का निर्वाहन किया गया। महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ नंदिता अधिकारी, कमलेश कुमार, मानस्वी, अंकिता, प्राची प्रियंबदा, अभिनव प्रकाश, डॉ निलादरी मंडल मौजूद थे।

### राजभवन में एएसी/एसटी के वरीयता/पदोन्नति बिल लंबित रहने से प्रभावित हो रहा है प्रमोशन : उपेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति समन्वय समीति की बैठक कचहरी स्थित केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र रजक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 2022 झारखंड विधानसभा से पारित प्रणामी वरीयता और राजभवन में वर्षों से लंबित विल पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में उपेंद्र रजक ने कहा कि पक्ष-विपक्ष की सर्वसम्मति से एससी/एसटीकर्मचारी/पदाधिकारी के आरक्षण/वरीयता को देखते हुए 24 नवंबर 2022 को झारखंड विधानसभा से पारित कर बिल पर मुहर लगाने के लिए राजभवन को भेजा गया था, लेकिन बिल आज तक राजभवन में लंबित है। उपाध्यक्ष रामलगन राम ने कहा कि सरकार ने 2022 में सर्वसहमति से विधानसभा से बिल पास कर राज्यपाल को भेजा था, जो आज तक लंबित है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के पास बिल लंबित रहने से कर्मचारियों-अधिकारियों की वरीयता और पदोन्नति प्रभावित हो रही है। बैठक में संतोष रबि, रणधीर रजक, जगदीश दास, नीरज नायक, सोनू चौधरी, सूरज नायक, प्रदीप भुइंया, रंजित बाउरी, करन नायक, संजय रविदास, छोटू पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट में एक दिसंबर को फ्री चेकअप कैंप

रांची (आजाद सिपाही)। कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट में 1 दिसंबर को फ्री चेकअप कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर शामिल होंगे। क्लब के फाउंडर देवाशीष रॉय हमेशा इसी तरह के सामाजिक कार्य क्लब में आयोजित करते रहते हैं। समाजसेवी सगोरिका विनाश्री सरकार और डॉ रेनू रॉय ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह के कार्य हम आगे भी करेंगे, ताकि समाज मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रहे।

### अहम भूमिका निभा रही हैं महिलाएं : निर्मला कौर

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व पुलिस अधिकारी अमिताभ चौधरी की पत्नी, पूर्व आइपीएस और लेखिका निर्मला कौर के मुताबिक हिंदू धर्म व्यवस्था में हमेशा से महिलाओं का विशेष स्थान रहा है। पिछले कुछ दशकों में वे भी भारत के विकास में अहम रोल अदा कर रही हैं। बैंकॉक में 24 नवंबर से आयोजित तृतीय विश्व हिंदू कांग्रेस में शनिवार को उन्होंने अपने ये विचार रखे। हिंदू महिलाओं के योगदान एवं कर्तव्यों के विषय पर सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया और लोकप्रिय संस्कृति में भी हिंदू महिलाओं का प्रतिनिधित्व देखने को मिल रहा है।

# खेलो इंडिया वूमेन एस किक बॉक्सिंग लीग का शुभारंभ

**मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ और विनय सिन्हा दीपू ने दीप जला कर शुभारंभ किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** खेलगांव में खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग का शनिवार को शुरू हुई। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ एवं वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव कांग्रेस के विनय सिन्हा दीपू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आये हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिस येलो ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर झारखंड की बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया कि इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए खेल की भावना को और प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि ऐसे खेल को प्रोत्साहित करने से महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है। इस अवसर पर झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात, करण कुमार, संस्कार तिवारी सहित रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद, वरीय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग, आलोक श्रीवास्तव, नौशाद खान, कलीम खान कोषाध्यक्ष, कमल किशोर कच्छप, संजीव श्रीवास्तव, पूनम सिंह, प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा, इबरार अंसारी, गुलाम गौस कुरैशी, लालचंद लोहार, राहुल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के सुरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

इस समीक्षा बैठक में रेल मंत्रालय बोर्ड के सदस्य, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारी तथा आरडीएसओ के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में रेल मंत्री ने स्वचालित सिग्नलिंग, लाइन कर्मचारियों की कार्यावधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं तथा डस्टर मैनेजमेंट टीम पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने पाक्षिक सुरक्षा कार्य योजना बनाने और उसकी नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिये। इस समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल अपनी टीम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'गांधी दर्पण' का भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने गांधीजी के जीवन और मूल्यों पर एक प्रदर्शनी-गांधी दर्पण का आयोजन करके राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अहिंसा, सत्य, शांति, नयी तालीम, सर्व धर्म समभाव, सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की भावना को रंगोली, पेंटिंग, लघु झंडे, पतंग, बैज, मुखौटे, कैलेंडर, पत्र, कोलाज के रूप में प्रदर्शित किया। साथ ही चरखे के मॉडल आदि को भी दर्शाया। मिलेनियम मैन के जीवन का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शनी में एक गांव की पृष्ठभूमि में उनके पसंदीदा भजनों जैसे वैष्णव जन तो और रघुपति राघव राजाराम की लाइव संगीतमय प्रस्तुति की गयी। अन्य आकर्षण नेल आर्ट/टैटू और मेहंदी कॉर्नर और संकल्प वृक्ष थे, जिस पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा लिखे गये पत्तों के आकार के संकल्प बंधे थे। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उनके ईमानदार प्रयासों के लिए सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने प्रदर्शनी में किये गये प्रयासों और विचारों की सराहना की।

# महुआ माजी ने कंबल वितरित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** शनिवार को झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी के ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण का निर्देश दिया। झामुमो राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 अंतर्गत मोरहाबादी बाजार में एवं वार्ड 4 के अंतर्गत मंडा बागीचा में लगाये गये कैंप में जाकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ उठाने हेतु वार्ड 3 और 4 के लोगों को जागरूक किया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस जन कल्याणकारी योजना का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वहां उपस्थित महिला और पुरुषों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

## कार्यक्रम : सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस पर सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# सीसीएलकर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कंवेंशन सेंटर में सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित कमान क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 115 पुरस्कार प्रदान किया गया। 1 नवंबर, 2023 को सीसीएल स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इसी कड़ी में शुक्रवार को भव्य रूप से सम्मान-सह-पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल डॉ बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि थे। अवसर विशेष पर निदेशक (तक./संचा.) आर. बी. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) बी. साईराम, निदेशक (वित्त) पी. के. मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित जेसीएससी तथा ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यगण क्षेत्र के महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सभी को सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कंपनी 2023-24 का 84 मिलियन टन (एमटी) के लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीएल 200 मिलियन टन कोयला उत्पादन की क्षमता रखता है। अगर हम अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करें। उन्होंने सीसीएल के भूमिगत उत्पादन पर बल देते हुए कहा कि आने वाले समय में कंपनी की भूमिगत खदानों में भी उत्पादन होगा जिससे पर्यावरण का न्यूनतम नुकसान हो। डॉ. रेड्डी ने कोल इंडस्ट्री के चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि सीसीएल के सभी खनन क्षेत्रों में प्रॉफिट होना अनिवार्य है जिससे कंपनी और बेहतर प्रदर्शन करती रहे और अगले वित्तीय वर्ष में (2024-25) 107 मिलियन टन का कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर सके।

मंच संचालन मुख्य प्रबंधक प्रिय रंजन, श्वेता हांसदा और निशा रंजन ने किया। इस अवसर पर कंपनी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गये जिनमें शॉवेल ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, ड्रिल ऑपरेटर, डोजर ऑपरेटर, पे-लोडर, एसडीएल ऑपरेटर, कॉन्ट्रैक्टर्स शॉवेल ऑपरेटर, कॉन्ट्रैक्टर्स डंपर / टिपर ऑपरेटर एवं स्पेशल अचीवमेंट के लिए चयनित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं विभागों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें डीएवी स्कूल के बच्चे तथा सीसीएल के कार्मिकों ने भाग लेकर सभी का मनोरंजन किया।

**सनसनी :** तीन महीने में तीन शव बरामद होने से पुलिस की सक्रियता पर उठने लगे सवाल

# खूंटी बाजारटांड़ से महिला का शव बरामद, बच्ची भी लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत के घनी आबादी वाले बाजार टांड़ के एक शेड में शनिवार को एक आदिवासी महिला का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। महिला की हत्या किसी नुकीले हथियार से वार कर किए जाने की आशंका है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। आशंका है कि नुकीली चीज से हमले के बाद अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत होई होगी। बताया जा रहा कि महिला के साथ एक पांच साल की बच्ची भी थी, जो लापता है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। ना ही महिला की बच्ची की कोई जानकारी मिल सकी है। बाजार टांड़ के नागरिकों ने पुलिस को शव होने की जानकारी दी। सूचना मिलत ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार और थाना प्रभारी पिंकू कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार उक्त महिला विगत पांच-छह वर्षों से बाजारटांड़ में ही रहती थी और दुकानों से मांग कर खुद का भरण-पोषण करती थी।


शव का पंचनामा कर जांच करती पुलिस।

### जांच के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित

इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक महिला की हत्या हुई है। इसकी सूचना पर घटनास्थल पहुंच मामले की प्रारंभिक जांच कर हत्याकांड के उद्भेदन के लिए पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। लापता बच्ची की खोजबीन के लिए भी टीम बनाई गई है। एसडीपीओ कार्यालय सें महज 200 मीटर की दूरी पर बाजार टांड़ इलाके से तीन महीने के भीतर दो महिलाओं और एक युवक का शव बरामद होने से लोग खुद को काफी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### तीन महीने में तीन शव हुए बरामद

गौरतलब हो कि विगत 12 सितंबर को भी बाजारटांड़ के समीप एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। उसकी पहचान अड़की थाना क्षेत्र के उमबुल बाहा के कोचांग गांव निवासी देवकी देवी (35) के रूप में हुई थी। महिला बाजार टांड़ में अपने बच्चों के साथ रहती थी। इसी तरह गत सात अक्टूबर को भी बाजारटांड़ के समीप पुलिया से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। 21 अगस्त को भी हुटार बाजार टांड़ में एक वृद्ध महिला की धारदार हथियार से काटकर हत्या रक दी गई थी।

## योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभुकों को मिले, सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के के तहत शनिवार को मुरहू प्रखंड के इंदीपीड़ी पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन डीसी लोकेश मिश्रा ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही आवेदन का मौके पर ही निष्पादन करने का प्रयास भी किया गया। डीसी ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ योग्य लोगों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि शिविर में आकर अपनी शिकायतें व समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, जिनका मौके पर ही निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इससे पूर्व उपायुक्त ने शिविर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद,बिरसा आवास योजना आदि योजनाओं से अवगत कराया गया। साथ ही जागरूक होकर योजनाओं से लाभ लेने की अपील की गयी। दूसरी ओर जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्र में भी इस कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। रनिया प्रखंड के बनई पंचायत में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने आमजनों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। कर्रा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में 783 आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें से यथासंभव अनेक आवेदनों निष्पादन किया गया। साथ ही 10 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र, दो लाभुकों को आयुष्मान कार्ड स्वीकृति प्रमाण पत्र, तीन छात्राओ को साईकिल क्रय के लिए बैंक खाता में राशि भेजी गई। एक लाभुक को किशोरी समृद्धि योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, 30 लाभुकों को सोना सोबरन घोती साड़ी योजना का लाभ, 25 लाभुको को कम्बल, 100 लोगो को वन विभाग द्वारा पौधा , बाल विकास के द्वारा आंगनबाड़ी के तीन बच्चों को स्वेटर और जेएसएलपीएस की 24 दीदियों को पहचान पत्र दिये गये।

## सितू और बारेंदा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, विधायक सुदेश महतो ने किया उद्घाटन



**ईचागढ़/सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** इचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत भवन सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड स्तरीय सभी विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को हर विभाग में रख कर समाधान कराने का प्रयास किया। इस दौरान लाखों रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत तीन लाभुक को 40 हजार रुपये के चेक दिया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से एक व्हील चेयर, दो बैशाखी, तीन कान का मशीन, वन विभाग की ओर से पौधा का वितरण किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख गुरुपद मारडी, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंसस अरुण कुमार महतो आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा पंचायत सचिवालय में अयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 1030 आवेदन प्राप्त किये गए। जिसमें 125 समस्याओं पर त्वरित कार्यवाई हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने किया। विधायक ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाना प्रखंड के अधिकारी व कर्मचारियों की जिम्मेदौरी के साथ ही एक चुनौती भी है। अधिकारी पहल करें तो गांव की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। लोगों ने अबुआ आवास के 450 आवेदन जमा किये। वहीं, साबित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक वितरण, धोती साड़ी लुगी व कंबल वितरण किया गया। साथ ही वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। लोगों ने राशनकार्ड में नाम जोड़ने, लगान रशीद काटने, शौचालय लेने आदि का आवेदन जमा किये। मौके पर प्रभारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, बीडीओ खगेश कुमार, मुखिया सुभद्रा देवी, उप प्रमुख सबिता देवी, सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, बीएसओ धनंजय कुमार, कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित, बीपीओ बबीता दास, अभिलाषा कुमारी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## समय बीतने के साथ ही बढ़ रही उत्तरकाशी टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों की बेचैनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उत्तराखंड के उत्तर काशी सुरंग(टनल) में फंसे 41 मजदूरों में 15 मजदूर झारखंड के हैं। खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के तीन मजदूर भी उसी सुरंग में पिछले 15 दिनों से को फंसे हुए हैं। इनमें डुमारी गांव का 35 वर्षीय चमरा उरांव (पिता भक्तु उरांव), गुमडू गांव का 24 वर्षीय विजय होरो (पिता अर्जुन मुंडा) और मधुगामा गांव का गणपत की बेचैनी बढ़ती जा रही है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर बार उन्हें किसी अच्छी खबर का इंतजार रहता है, पर 15 दिनों के बाद भी मजूदरों की सही खबर नहीं मिलने से परिवार वालों की घबराहट बढ़ती जा रही है। टनल में फंसे मजदूरों की पत्नी और माता-पिता को अब भी उम्मीद है कि सभी मजदूर सकुशल वापस आ जायेंगे।



### बहन की शादी का कर्ज उतारने के लिए कमाने गया था चमरा उरांव

कर्रा प्रखंड के डुमारी के रहने वाले उत्तरकाशी के टनल में फंसे 35 वर्षीय चमरा उरांव की मां बुधनी उरांव ने बताया कि घर की माली हालत ठीक नहीं है। चमरा की एक बेटा व तीन बेटी है। इसके अलावा उसकी चार बहने भी थीं जिनकी शादी हो चुकी है। जून में चमरा ने अपनी सबसे छोटी बहन की शादी की थी। इस कारण वह कर्ज में फंस गया है। जिनसे पैसे लिये थे, वे हर दिन पैसा वापस करने को कहते थे। खेती बारी से कर्ज चुकाना संभव नहीं हो पा रहा था। यही कारण है कि वह गुमडू गांव के विजय होरो सहित अन्य लोगों के साथ सुरंग में काम करने के लिए गत 20 सितंबर को उत्तराखंड चला गया। चमरा की पत्नी रेखा देवी सहित उनके छोटे छोटे बच्चे महावीर उरांव(नौ वर्ष), नागी उरांव(सात वर्ष) असरिता उरांव (पांच वर्ष) और सबसे छोटी बेटी दे वर्ष की नमेली उरांव चमरा के सकुशल लौट आने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### अर्जुन मुंडा का बेटा भी फंसा टनल में

गुमडु निवासी विजय होरो के बुजुर्ग पिता अर्जुन मुंडा ने कहा कि बेटे के बिना कुछ खाने-पीने का मन नहीं करता। मन दिन भर एक ही खबर सुनने को बेचौन रहता है कि बेटा टनल से निकल गया है। अब तो सिर्फ भगवान का ही सहारा है। जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है, बेचौनी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया था कि गुरुवार को सुबह टनल से सभी बाहर आ जाऐंगे, लेकिन फिर सुना कि वे सुरंग के अंदर ही हैं। विजय की पत्नी सनरती होरो अपनी गोद मे सात माह के बेटे को लिए सिसक-सिसक कर कह रही थी कि दिल बहुत बेचैन है। सब्र की भी सीमा होती है, अब सब्र का बांध टूटने लगा है कि न जाने क्या होगा। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला मेरे साथ है।



## उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में मना संविधान दिवस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। संत एंजेला हाउस के जूनियर ग्रुप के विद्यार्थियों ने संविधान की महत्ता पर नृत्य अभिनय नाटिका एवं भाषण द्वारा प्रकाश डाला। नृत्य अभिनय से विद्यार्थियों ने संविधान द्वारा दिये गये अधिकारों के बारे में बताया। इसमें शिक्षा और समता का अधिकार, धर्मनिरपेक्षता आदि शामिल है। कक्षा पांच की छात्रा अनन्या कुमारी के नेतृत्व में पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। अंत में प्राचार्या सिस्टर जयंती ने कहा कि प्रतिभाशाली एवं महान व्यक्तित्व के धनी डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत के महान संविधान की रचना की और इसी संविधान से यह देश चल रहा है। अतः हम सभी भारतीयों का यह परम कर्तव्य है कि हमारे संविधान का आदर करें एवं इसका पालन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैडम अलका राही और मैडम सुनिता खलखो की सराहनीय भूमिका रही।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** रूडसेट संस्थान में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ होने के साथ ही प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी और बीडीओ रेणु बाला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि आप चाहेंगे तो खुद का स्वरोजगार कर दूसरो को भी रोजगार दे सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर मालिक बनना सीखिए। वित्तीय साधन आप के पास नहीं है तो बैंक देगा। इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रविदास और सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### आज एनके एरिया में होगी बंदी : अब्दुल्ला




**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ इंटक की ओर से पांच सूत्री मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष घेराव एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में एनके क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से मजदूर शामिल हुए। अपने संबोधन में इंटक नेता बीएन पांडे ने कहा कि प्रबंधन संडे ड्यूटी के बहाने मजदूरो पर समय-समय पर बेवजह प्रयोग कर के अस्त्र की तरह प्रहार कर रहा है। उन्होंने प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि समय रहते बेवजह मजदूर विरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो इंटक आंदोलन तब तक करते रहेगा जब तक उसे वापस नहीं ले लिया जाता। कहा कि पूरे मामले को लेकर बहुत जल्द इंटक अदालत का दरवाजा खटखटाएगा। अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि प्रबंधन मजदूरो के साथ मनमानी करना बंद करे। कहा कि 26 को पूरे एरिया का उत्पादन व डिस्पैच बंद रहेगा। इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पाण्डेय, कमल मुंडा, जसवंत पांडेय, जयवंत पाण्डेय, पजु महतो, मुमताज अहमद, मनोज भुइयां, बसंत मुंडा, लालजीत गंझू, धर्मदेव मुंडा आदि थे।

### शहीद कृष्णा महतो ने पिपरवार कोयलांचल में जगाया था शिक्षा का अलख : बालकृष्ण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में शनिवार को शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस मनाया गया। उनके पैतृक गांव बिलारी के ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले पिपरवार के कल्याणपुर बाजारटांड़ के समीप उनके शहादत स्थल पर लोग जुटे, जहां दीप जलाकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद सभी जुलूस की शक्ल में बचरा चार नंबर चौक स्थित शहीद कृष्णा महतो की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद कृष्णा महतो ने कोयलांचल में शिक्षा का अलख जगाया था। क्षेत्र और समाज के कल्याण के लिए कई काम किए हैं। एक बेहतर शिक्षक के रूप में उनका योगदान कोयलांचल के लोग कभी भूला नहीं सकते हैं। कल्याणपुर आदिवासी हाई स्कूल की नींव में भी उन्होंने बतौर शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया। पिपरवार महाविद्यालय करो उनका एक सपना था। स्थानीय लोगों ने पिपरवार महाविद्यालय कारों को खोलकर उनके सपनों को पूरा किया है। वर्तमान में अपने-अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा देने और उनके आश्रितों को सरकारी योजना का लाभ देने की मांग की। इस मौके पर बसंत नारायण महतो, नागेश्वर महतो, बालकृष्ण महतो, प्रीतम महतो, जितेंद्र कुमार, विमल महतो, टिकेश्वर महतो, मुखिया संगीता देवी, अंगद महतो, निर्मल महतो, तुलसीदास महतो, बैजनाथ महतो, वीरेंद्र महतो, श्रवण महतो, टहलु महतो, महेंद्र महतो, अनुप कुमार सुदर्शन, सुलेखा महतो, बिजयालक्ष्मी देवी, कांति देवी, मीना देवी आदि थे।

उग्रवाद प्रभावित आराहंगा पंचायत भवन में बंदूक के साये में आयोजित हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# सरकार आपके द्वार शिविर में 20 रुपये में बिके अबुआ आवास के फॉर्म, फोटो कॉपी के लिए पांच-पांच रुपये लिये

नेटवर्क की समस्या से मौके पर नहीं हो सका कोई काम

स्वरूप भट्टाचार्य







**तमाड/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित आराहंगा पंचायत भवन में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बंदूक के साये में हुआ। चारों ओर आइआरबी के जवान मुसतैद दिखे। हालांकि कार्यक्रम को लेकर लोगों में नाराजगी भी दिखी। वे पूछ रहे थे कि पहले दो चरणों में लिए गए आवेदन का आज तक निष्पादन हुआ भी नहीं कि तीसरे चरण में फिर से आवेदन लिया जा रहा है। कहीं, पहले ही तरह इस बार के आवेदन भी तो कुड़दान में नहीं फेंक दी जाएगी। उधर, शिविर में अधिकतर लोगों की भीड़ आबुआ आवास योजना के स्टॉल पर दिखी। लेकिन आवेदन देने में 50 रुपए जेब से खर्च करने पड़े। आबुआ आवास के फार्म 20 रुपये में बिक रहे थे। जबकि एक फोटो कापी कराने में पांच-पांच रुपए लिये गये। क्षेत्र में नेटवर्क नहीं रहने से एक भी कार्य का मौके पर निष्पादन नहीं किया जा सका। बीडीओ ने कहा कि रात में मुख्यालय पहुंचकर कर एंट्री कर लेंगें। वहीं, शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो भी पहुंचे और एक-एक स्टॉल जाकर जानकारी ली। कई जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया। समय-समय पर माइक से मुंडारी व हिंदी भाषा में अधिकारी नेटवर्क की समस्या का हवाला दे रहे थे और जल्द समाधान करने का आश्वासन भी दे रहे थे। अवसर पर एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, सीओ अतुल रंजन भगत, बीडीओ संतोष प्रजापति, जिला परिषद भवानी मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, ग्राम प्रधान राम मुंडा, मुखिया सालुक मणी, सरदार अनिल सिंह मुंडा, अधिवक्ता शिव शंकर महतो, रेडसोडे मुंडा, प्रखंड व अंचल के सभी विभाग के लोग मौजूद थे। उद्घोषक जेएसएलपी एसके रामकृष्ण महतो थे।

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य : शिल्पी

## गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** शनिवार को चान्हो प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत भवन के पास स्थित मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मांडर विधायक शिल्पा नेहा तिर्की और रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसंपतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारटी, स्वास्थ्य जांच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार और निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के कुल 947 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 462 आवेदनों का त्वरित निपटान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक मांडर शिल्पा नेहा तिर्की ने महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को अपने हक और अधिकार सहित सभी योजनाओं का लाभ आम जनों को देने के लिए प्रखंड के अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने किसानों के बीच कृषि यंत्रों, साईकिल वितरण, कंबल, जाति प्रमाण पत्रों सहित प्रखंड स्तरीय कई योजनाओं से संबंधित परिसंपतियों का वितरण किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रांची उपायुक्त राहुल सिंहा ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर मैं आज आपके चान्हो प्रखंड में आया हूं। आप सभी योग्यता अनुसार अधिकतम योजनाओं का लाभ लें और अपने हक अधिकार और सामाजिक कर्तव्यों के जानकर बनिए। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को अपने भविष्य गढ़ने में सीढ़ी की भांति उपयोग करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख होलिका देवी, अंचल अधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, मुखिया महादेव उरांव, राजेंद्र मुंडा, शिबरा उरांव, शिव उरांव, उपेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, गुंजन कुमार, रोहित उरांव, तनवीर अंसारी, आलोक कुजूर, समेत अन्य लोग मौजूद थे।





# फुटबॉल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है : परमेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** एवरग्रीन छोटानागपुर क्लब के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसके फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, उपस्थित हुए। फाइनल मैच लकड़ा ब्रदर्स सरना बाल विकास +2 विधालय पोड़ाटोली बनाम NFC पोखरटोली मांडर के बीच हुआ। समय का अभाव के कारण मैच का परिणाम टॉस के माध्यम से हुआ जिसमे NFC पोखरटोली ने टॉस जीतकर खिताब पर कब्जा किया। सन्नी टोप्पो ने कहा कि किसी भी खेल को सीखना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए समर्पण और मेहनत की जरूरत है। इसके अलावा, यह सब खेल आपके धैर्य और इसके प्रति आग्रह का परीक्षण करता है। इसके अलावा, आपके द्वारा सीखे गए हर नए कौशल के साथ आपके खेल में भी सुधार होता है। इन सबसे ऊपर, सीखना एक कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है इसलिए फुटबॉल सीखने के लिए आपको हर मिनट के विवरण पर ध्यान देना होगा जिसे आप गिनना या चूकना भूल जाते हैं। इस समय फुटबॉल देश में क्रिकेट के स्तर से मेल खाता है। इसके अलावा, देश हर साल विभिन्न फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करता है। इन सबसे ऊपर साथ ही साथ एक फुटबॉल टीम भी है। हम कह सकते हैं कि फुटबॉल बहुत दिलचस्प है कि हर मिनट के साथ दर्शक की सांस को दूर ले जाता है। इसके अलावा, आप अनुमान नहीं लगा सकते कि फुटबॉल में अगले दूसरे या मिनट क्या होने वाला है। इस सब के अलावा फुटबॉल इसे खेलने वाले को फिट और स्वस्थ रखता है। इन सबसे ऊपर, यह दुनिया में शांति के संदेश को फैलाने का एक माध्यम हो सकता है क्योंकि यह एक वैश्विक खेल है। विशिष्ट अतिथि परमेश्वर भगत ने कहा कि हमारे देश में खेल के बढ़ते महत्व को देखते हुए इस विषय पर बात करना बहुत आम बात हो गया है। हर कोई जानता है कि खेलकुद हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है इसीलिए हमें इसे सभी स्तरों पर प्रोत्साहित करना चाहिए। कई वर्षों से ये स्कूल, कॉलेज तथा कैरियर में अपना स्थान बना रहा है। खेलकुद हमारे दिमाग तथा शरीर को सक्रिय बनाये रखने तथा कई गंभीर बीमारियों से लड़ने में हमारी मदद करता है। इसलिए, हमें विचारपुर्ण भाषण के माध्यम से खेलकुद से जुड़े लोगों को और अधिक प्रोत्साहित करना चाहिए।

### सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में आर्ट क्राफ्ट और विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन

# विज्ञान प्रर्दशनी बच्चों की प्रतिभा को परखने और प्रोत्साहित करने का बढ़िया मंच : डॉ कुमुदकला

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शनिवार को विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जेयुटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव किशोर पांडेय और विशिष्ट अतिथि प्रो एजीपी कुजूर ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ अमर कु चैधरी, संस्थापक राहुल चैधरी, सचिव डॉ कुमूदकला मेहता और प्राचार्य एडवर्ड लुगून भी शामिल हुए। इस विज्ञान प्रर्दशनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं नें कई विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रर्दशनी में प्रदर्शित किया। प्रर्दशनी में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों नें ज्वालामुखी, ट्रैफिक लाइटस, जल चक्र, पर्यावरण सुरक्षा, सौर उर्जा, सौर मंडल सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों नें साईंस के मॉडल में जियो तथा दिशा द्धारा रॉकेट आदित्य यान-1 के बारे में बताया। सामाजिक विज्ञान में कृषि तथा जल संग्रह पर आधारित मॉडल तैयार किया जिसमें अंकित, गितेश और सुष्मिता द्धारा बनाया गया मॉडल आकर्षक का केन्द्र था। वहीं प्री प्राइमरी के बच्चों नें टेडी वियर नाव, मछली और दिया बनाया। मौके पर डॉ अमर चैधरी, डॉ कुमूदकला और राहूल चैधरी नें कहा कि वैज्ञानिक सोंच विकसित करने के लिए करके सीखो नीति पर बल दिया। कहा कि बच्चे हमेशा कुछ नया करने की सोंचे। मुख्य अतिथि डॉ विप्लव किशोर, एजीपी कुजूर और एडवर्ड लुगून नें विज्ञान प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुए कहा कि स्कूल के इन बाल वैज्ञानिकों नें अपने मॉडल में यह दिखाने का प्रयास किया है कि आने वाला कल उनका है और वह अपनी नई वैज्ञानिक सोंच के साथ आगे बढ़कर देश को नई बुलंदियों तक ले जाएंगे।



# संजय सेठ ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सांसद संजय सेठ ने शनिवार को 22वीं एशियाई मास्टर गेम में गोला फेकने में रजत पदक विजेता नामकुम के पतराटोली निवासी राजकुमार बाल्मीकि (62) जेबलीन थ्रो में प्रभा लकड़ा ने रजत पदक विजेता व झारखंड एथेलिट मास्टर गेम के सचिव लक्ष्मण राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों ने सांसद सजय सेठ से एथलीट खेल में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। इस संबंध में सांसद ने सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह के नेतृत्व में एथेलाटिक्स टीम पहुंचे थे। इस दौरान मौके पर मौजूद सांसद संजय सेठ व प्रतिनिधि मनोज सिंह ने जनार्दन सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान रवि सहित अन्य कर्यकर्ता मौजूद थे।

# ऑटो को बचाने में बोरबेल गाड़ी पलटी, दो घायल




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर शनिवार की अपराह्न लगभग एक बजे जनता हाई स्कूल दिघिया के समीप ऑटो सवार को बचाने में एक बोरवेल गाड़ी पलट गयी। इससे बोरवेल गाड़ी के चालक व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। घायलों में अनगड़ा रांची निवासी चालक 42 वर्षीय जनार्दन मुंडा व सिमलिया रातू निवासी 28 वर्षीय सुनील महतो शामिल हैं। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डा सुमन ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया। चालक जनार्दन मुंडा ने बताया कि वे लोहरदगा जा रहे थे। इसी बीच दिघिया स्कूल के पास ऑटो सवार को बचाने में गाड़ी असंतुलित होकर पलट गया।

# कलाकारों ने नागपुरी लोक संगीत की प्रस्तुति दी




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रगति मैदान नई दिल्ली में 14 नवंर से 27 नवंर तक आयोजित झारखंड अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड सरकार की ओर से खुखरागढ़ सांस्कृतिक केंद्र के दल नायक प्रसिद्ध मांदर वादक सुदामा सिंह, अध्यक्ष फूलमनी उराइन एवं विभाग के सुनील महतो की अगुवाई में नागपुरी लोकगीत डमकच गीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया। नृत्य दल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध बासुरी वादक मनरखन बड़ाईक, मांदर वादक शम्भू महतो, नगाड़ा वादक मिथुन महली, रमेश महली, बुधनाथ महली, छटु महली नर्तक विक्की महली, महली, अरुण, राजू, रोहन महतो, भयंति उरांव, सुशांति कुमारी, प्यारी कुमारी, चांदनी कुमारी व अन्य कलाकार शामिल थे।

# 16वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिव मंदिर निर्माण सह कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति जामटोली बेड़ो के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा पर हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर मेला सह 16 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। वहीं समिति के सदस्यों में चरवा उरांव, धनंजय महतो, मुकेश गोप व महावीर गोप ने बताया कि समिति के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा का सोलहवां वार्षिक महोत्सव का आयोजन 26 व 27 नवंबर को किया जायेगा। इस दौरान चौबीस घंटे का अखंड हरिकीर्तन, भोग भंडारा, मेला का आयोजन के साथ साथ मंदिर में पूजा अर्चना की जायेगी।

# गर्भवती सुमन कुजूर को उसकी सौतन ने पेट्रोल डाल कर लगायी आग, स्थिति नाजुक



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुर्गी गांव में सुमन कुजूर को उसकी सौतन शांति कुजूर ने पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर देने का मामला सामने आया है। सुमन कुजूर 80 प्रतिशत जल गयी है। उसका इलाज रिम्स में चल रहा है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि सुमन कुजूर सात माह की गर्भवती भी है। घटना 21 नवम्बर मंगलवार की रात 12 बजे की है। धटना को लेकर सुमन कुजूर की मां बिमला कुजूर ने इटकी थाना में शनिवार को मामला दर्ज कराया। आरोपी शांति कुजूर पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले मंगलवार की रात खाना खाने के बाद शुमनअपने कमरा में सो रही थी। करीब आधी रात 12 बजे के करीब शांति कुजूर, सुमन कुजूर के कमरा में पहुंची और गहरी निंद में सो रहे सुमन कुजूर के शरीर के उपर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। आग के लपेटे में घिरी सुमन बचाने के लिए चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर अगल बगल के पड़ोसी जाग उठे और सुमन को बचाने लगे तबतक सुमन कुजूर का शरीर काफी झुलस गया था। ग्रामीणों के मदद से सुमन कुजूर को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। घटना के समय सुमन का पति दिनेश उरांव घर में नही था। वह ट्रक चालक है और ट्रक लेकर चाईबासा गया हुआ था। मौका देख शांति कुजूर ने सुमन कुजूर को आग लगाकर जान मारने की प्रयास की । घटना के बाद से वह फरार हो गयी है। दिनेश उरांव से पुछे जाने पर बताया कि शांति कुजूर मेरी पहली पत्नी है उसके दो बच्चे है। जबकि सुमन कुजूर से प्रेम विवाह किया हूं। घटना को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

# जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना मुख्य उदेश्य : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में खिजरी विधायक राजेश कच्छप विशेष रूप से पहुंचे तथा इसका निरीक्षण किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रशासन की पूरी टीम आपके समक्ष आई है जो आपकी समस्याओं का तत्परता के साथ सामाधान करेगी। कहा कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ योग्य लाभूकों तक पहुंचे यही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। शिविर में विभिन्न विभागों के दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे जिसमें विभिन्न योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने आवेदन दिए। कई आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। इस अवसर पर परिसंपतियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी डीएसओ प्रदीप भगत, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया शांति देवी, पंसस कुंती देवी, सीओ सह बीडीओ राजू कमल, सीडीपीओ रेणुका कुमारी, बीएचओ सेवा पालित, बीएसओ संतोष कुमार, बीईओ श्रीमती भरोसी मुंडू, बीएओ अघनु पहान, सीआई रमेश रविदास, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, एतवा उरांव, संगीता कैथा, यशोदा देवी, अनिता देवी, ग्रामप्रधान प्रदीप मुंडा, श्यामलाल पहान, कृषक मित्र शहनवाज खान, विश्वनाथ महतो आदि मौजूद थे।

# 50 किसानों के बीच बीज वितरित



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड क्षेत्र के 50 किसानों के बीच बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत चना बीज का वितरण किया गया। 15 किलो प्रत्येक किसानों को उन्नत चना बीज वितरण किया गया। नगड़ी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, बीडीओ दीपावली भगत क्षेत्र के समाजसेवी सह किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष बजरंग महतो ने संयुक्त रूप से किसानों के बीच उन्नत चना बीज का वितरण किया। मौके पर प्रत्येक किसान को 15 किलो बीज दिए गए। मौके पर बीजेपी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश केसरी, रामबरन महतो सहित प्रखंड के दर्जनों किसान मौजूद थे।

# कंडरकेल के कुआं से मिला बुजुर्ग का शव

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के कंडरकेल गांव के बीजा पहान के घर के समीप स्थित काफी पुराना व झाड़ीदार कुंआ से एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव लापुंग पुलिस ने बरामद किया है। बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान 65 वर्षीय गणेश बैठा चंपाडिह चापा टोली निवासी के रूप में हुई है। वही उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं था व शराब का भी सेवन करता था। 19 नवम्बर रविवार की शाम को ककरिया बाजार से सब्जी लेकर घर लौटा इसके बाद घर से निकला था। उसके बाद घर वापस नहीं लौटा था। इधर कुआं में शव होने की सुचना पांच दिन बाद शनिवार को शाम चार बजे के आसपास ग्रामीणों के द्वारा लापुंग थाना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को कुएं से निकाला।परिजनों ने हत्या कर कुआ में डूबा के आशंका व्यक्त किया। लाश को लापुंग पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है पोस्टमार्टम के लिए कल रिम्स भेजा जायेगा।

# शंकर चौक ओरमांझी में कल होगी कार्तिक भगवान की पूजा, 28 को लगेगा रास मेला

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शंकर चौक ओरमान्झी में 27 को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भगवान कार्तिक की पूजा अर्चना की जायेगी । 28 को रास मेला का आयोजन किया जायेगा। रास मेला में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी जोड़ों पर है। आर्केस्ट्रा में नागपुरी के जाने माने कलाकार दीनदयाल ग्रुप धूम मचाने के लिए आ रहे हैं। यह जानकारी पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी के द्वारा दी गयी।

# निर्माण पूजन और पंचकुंडी रूद्धा यज्ञ समारोह



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सत्संग बाल समिति सेमर टोली साहेर के बैनर तले हनुमान नवनिर्मित सह सुन्दरी करण मंदिर परिसर में नवनिर्मित सह सुन्दरी करण के अवसर तीन दिवसीय निर्माण पुजन सह पंचकुंडी रूद्धा यज्ञ समारोह का आयोजन विशाल कलश यात्रा जिसमें साहेर पंचायत के विभिन्न गांवों की 1100 कलश धारियो ने भाग लिया शनिवार को दूसरे दिवस में पं घनश्याम मिश्रा सहित तीन आचार्यो ने पुजारी छत्रपाल, कमल, संजय प्रसाद महतो, दुर्गेश, प्रकाश महतो, जैकिसन महतो,अजय महतो,सुधन महतो, और प्रदीप महतो को वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञ मंडप पूजन वरूण देव पूजन के पश्चात कलश पूजन वेदी पूजन, रूद्धा अभिषेक तथा महाआरती कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। मौके पर यज्ञ स्थल में संध्या बेला में हिन्दू धर्मगुरू स्वामी दिव्यानंद जी महाराज। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक समरसता बढ़ता है लोगों में भाईचारगी प्रेम और धर्म का प्रभाव का विकास होता है।

# किराना दुकान में एक सप्ताह में दो बार चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में नहीं रुक रही चोरी की घटनाएं, बेड़ो थाना से महज 100 मीटर की दूरी स्थित जनता किराना दुकान से एक सप्ताह में चोरों ने दो बार चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हजारों रुपए समेत किराना के सामान अपने साथ ले उड़े। प्रत्येक दिन की तरह शुक्रवार की रात 8 :00 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे।

# संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने शनिवार को कवाली परिसर वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। आयोजन को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, ई० कौशल किशोर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन, एनएसएस समिति सदस्य सुरुचि गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर एनएसएस समिति सदस्य सुरुचि गुप्ता ने कवाली परिसर, वाईबीएन विश्वविद्यालय में समस्त फैकल्टी और विधार्थी गन को शपथ दिलायी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, ई० कौशल किशोर ने कहा कि देश की संप्रभुता, अखंडता को बनाये रखने के लिये संविधान में निहित विभिन्न मौलिक अधिकारों के बारे में संकल्प दिलाया गया। जिसमें हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म, उपासना की स्वतत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली मित्रता बढाने के लिये दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। शपथ समारोह में वाईबीएन विवि प्रशासन समिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सड़क, पाइप व नाली को कर रहे क्षतिग्रस्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचने के लिए नल-जल योजना के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कार्यों में ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। जहां शुक्रवार की रात में रांची गुमला मुख्य मार्ग में खोदे गए गड्ढे से कई घरों के पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं मिट्टी के नाली में गिरने के कारण पानी नहीं निकल पा रहा है। जबकि नियम के अनुसार पूर्व में जिस स्थिति में सड़क या फिर नाली थी, उसे पुन: वैसे ही बनाकर देना है, लेकिन इस ओर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण भी इन ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। खुदाई करने के कारण कई जगहों पर मिट्टी भी पूरे सड़क में फैल गयी है। वहीं क्षतिग्रस्त पाइप का पानी सड़क पर बह रहा है और सड़क में मिट्टी होने के कारण सड़क कीचड़ में तब्दील हो रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष भी व्याप्त है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में वार्षिक खेल महोत्सव का आगाज



**मांडर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में स्पर्धा थीम पर वार्षिक खेल महोत्सव की शुरूआत शनिवार को किया गया। वार्षिक खेल महोत्सव में कैरम, क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज, वॉलीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन इत्यादि विभिन्न प्रतिस्पर्धा सम्मलित हैं। खेल महोत्सव की शुरूआत शतरंज एवं कैरम से की गयी। क्रिकेट का पहला मैच बी. एससी पाठ्यक्रम के तृतीय एवं प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच हुआ जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने जीत हासिल की। दूसरा मैच प्राचार्य ग्यारह तथा बी. एस सी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के बीच खेला गया। जिसमें प्राचार्य ग्यारह ने जीत हासिल किया। क्रिकेट का निर्णायक मैच 3 दिसंबर को को बी एस सी प्रथम वर्ष तथा प्राचार्य ग्यारह के बीच खेला जायेगा। वार्षिक खेल महोत्सव 2023 का समापन समारोह पांच दिसंबर को होगा।

# महासिद्धि शक्ति पीठ में मेला और सांस्कृतिक उत्सव आज से

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामरेखा दर्शन एवं पुरी दर्शन के उपलक्ष्य में महासिद्धि शक्ति पीठ बाहेया खक्सीगढ़ा अनगड़ा में रविवार से तीन दिवसीय अध्यात्म मेला सह सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान श्री 1008 श्री दुर्गा सतचण्डी महायज्ञ दुर्गा पाठ सहित कई अनुष्ठान कार्यक्रम होंगे। जानकारी संरक्षक लक्ष्मण महतो बाबा एवं मुख्य संयोजक सुनील कुमार महतो ने दिया।

